# मीरा साहब का सालाना उर्स कुल की रस्म के साथ संपन्न

## खादिमों ने लूटा सवा मन कलावा, जायरीन में बांटा


**अजमेर, (कासं)।** तारागढ़ स्थित मीरां हुसैन खींगसवार का तीन दिवसीय सालना उर्स मंगलवार को कुल की रस्म के साथ संपन्न हुआ। परम्परा के अनुसार आस्ताना शरीफ में बांधा गया सवा मन कलावा

- **खुद्दाम सैयद जादगान की ओर से चादर पेश की गई**

खादिमों द्वारा लूटा गया और जायरीन में बांटा गया।

तारागढ़ दरगाह की प्रबंध कमेटी के पदाधिकारी हाफिज अली ने बताया कि तारागढ़ स्थित हजरत मीरां सैयद हुसैन खिंगसवार साहब का सालाना उर्स 28 से 30 जनवरी तक मनाया गया। अली ने बताया कि मंगलवार को खुद्दाम सैयद जादगान की ओर से चादर पेश की गई, 11 बजे कुल की महफिल हुई और एक बजे कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन हुआ। अली ने बताया कि दरगाह में उर्स के दौरान परंपरा है कि आस्था शरीफ के चारों ओर सवा मन कलावा लपेटा जाता है, कुल की रस्म के दौरान इस कलावे को लूटे जाने की परंपरा रहती है।

उर्स समापन के अवसर पर कुल की रस्म हुई, कुल की महफिल में कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश किए। कुल की रस्म अदा होते ही मान्यता के अनुसार मीरां साहब का आस्ताना हिला और तारागढ़ दरगाह के खादिमों ने कलावा लूटने की परंपरा का निर्वाहन किया। सभी ने कलावे को लेकर अकीदत के साथ आए हुए जायरीन को बांटा। तारागढ़ पर मनाए जाने वाले उर्स में स्थानीय लोगों के साथ साथ बाहर से आए हुए जायरीन भी मौजूद रहे। तारागढ़ दरगाह के खादिमों ने जगह-जगह लंगरों का भी इंतजाम किया।



अजमेर के तारागढ़ स्थित मीरा हुसैन खींगसवार का सालना उर्स संपन्न हुआ।

## दुकान के ताले तोड़कर चोरी

**अजमेर, (कासं)।** क्लॉक टावर थाना क्षेत्र के कचहरी रोड स्थित लैपटॉप एसेसरीज की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। देर रात अज्ञात चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर लैपटॉप सहित अन्य सामान व दस हजार की नगदी पर हाथ साथ कर दिया। चोरों ने वारदात से पहले दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा की दिशा को भी बदल दिया ताकि सीसीटीवी कैमरे में उनकी कारतूत कैद न हो। पीड़ित दुकानदार ने क्लॉक टावर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मंगलवार को दुकान का मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित दुकानदार हिमांशु रावत ने बताया कि कचहरी रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने उसकी दुकान है। रात दो बजे के करीब उसकी दुकान पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। सुबह जब वह दुकान खोलने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्हें चोरी की घटना का पता चला। पीड़ित ने बताया कि चोरों के द्वारा दुकान से 10 हजार रुपए नगदी, लैपटॉप और अन्य एसेसरीज का सामान चोरी कर फरार हो गए। इसकी शिकायत उनके द्वारा क्लॉक टावर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर क्लॉक टावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया गया। पीड़ित दुकानदार हिमांशु रावत की शिकायत पर क्लॉक टावर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी और दुकान का मौका मुआयना किया।

# दलित युवक से मारपीट, फरार आरोपी गिरफ्तार



दलित युवक से मारपीट मामले में फरार वांछितों को गिरफ्तार किया।

**पावटा, (निसं)।** भोनावास गांव में अस्पताल के पास दलित युवक से मारपीट मामले में फरार वांछित आरोपियों रघु राज सिंह पुत्र नागराज सिंह निवासी भोनावास, नरेंद्र सिंह पुत्र स्व. बृजपाल निवासी भोनावास को प्रागपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जिला कोटपुतली बहरोड पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नेम सिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन में पुलिस टीम ने रघुराज सिंह पुत्र नागराज सिंह निवासी भोनावास, नरेंद्र सिंह पुत्र स्व. बृजपाल निवासी भोनावास को गिरफ्तार किया। प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा ने बताया कि पीड़ित आनंद पुत्र राम सहाय निवासी बागौरी मे मामला दर्ज करवाया था कि 18 जून को 11.30 बजे रघुराज सिंह, नरेंद्र सिंह ने अपने साथियों के साथ भोनावास गांव में अस्पताल के पास मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्दो से अपमानित किया। जिस पर मामला दर्ज कर वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला द्वारा अनुसंधान शुरू किया गया।

एनडीपीएस एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार : एनडीपीएस एक्ट में वांछित फरार आरोपी को प्रागपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी पुलिस थाना भाबरु एनडीपीएस एक्ट प्रकरण में वांछित था। जिससें प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा द्वारा अनुसंधान अनुसंधान करते हुए उक्त घटना मे शरीक मुल्जिम राघु सिंह उर्फ राजू पुत्र हिंदू सिंह निवासी कडिया सुसनेर को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया गया। प्रागपुरा थाना अधिकारी राजेश मीणा ने बताया कि 26 जनवरी को थाना भाबरु में दर्ज प्रकरण में ट्रक कंटेनर चालक परमजीत सिंह को अवैध अफीम ले जाते हुए गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। जिस पर ट्रक कंटेनर चालक परमजीत सिंह ने राघु नाम के व्यक्ति से मध्यप्रदेश से खरीदना बताया था।

## लूट का वांछित आरोपी आठ माह बाद गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** धर्मकांटा पर हुई लूट की वारदात में आठ माह से फरार चल रहे वांछित आरोपी वीर सिंह उर्फ वीरा को प्रागपुरा थाना पुलिस ने बापर्दा गिरफ्तार किया है।

- **धर्मकांटा पर तीन लाख रुपये की हुई थी लूट**

जिला कोटपुतली बहरोड पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने मामले में अपराधियों को गिरफ्तार करने हेतू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नेम सिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन में प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए वीरा उर्फ वीर सिंह पुत्र मान सिंह निवासी बडागांव थाना बासदयाल को बापर्दा गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेश मीणा ने बताया कि पीड़ित भूपेंद्र सिंह पुत्र गजराज सिंह निवासी ढाणी सीमावतावाली तन कारौली ने 6 मई 2023 को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि सीमावता बस स्टैंड कारौली में मेरा जगदंबा धर्मकांटा है। 5 मई रात्रि में तीन लड़के कार से आये व कार्यालय में घुस गए व मेरी गर्दन पर चाकू लगाकर गल्ले मे रखे तीन लाख रुपए लेकर पुलिस को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। मामले मे अनुसंधान करते हुए घटना में शरीक मुल्जिम वीरा उर्फ वीर सिंह पुत्र मान सिंह निवासी बडागांव थाना बासदयाल को बापर्दा गिरफ्तार किया है।

## मारपीट के मामले में फरार वांछित आरोपित गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा पुलिस ने मारपीट के मामले में वांछित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिला कोटपुतली बहरोड पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नेम सिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन मे प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए सुभाष को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी राजेश मीणा ने बताया कि पीड़ित जय राम गुर्जर पुत्र पुरणमल गुर्जर ने मामला दर्ज करवाया था कि अशोक उर्फ दबंग पुत्र पप्पू, सचिन पुत्र देशराज निवासी टोरडा गुजरान, प्रवीण पुत्र राधेश्याम निवासी गीदडो की ढाणी व इनके साथ तीन चार

- **भतीजे को मरा हुआ समझ कर सुनसान जगह पर डाल गए थे**

लड़के और होना बताया व अशोक व सचिन के पास देशी कट्टा होना बताया। ये लोग तीन मोटरसाइकिलों से आये व मेरे भतीजे लीलाराम गुर्जर पुत्र लक्ष्मण गुर्जर को घर से अपहरण कर सुनसान जगह ले गए व भतीजे लीलाराम को जान से मारने की नियत से सरियों व लोहे के तारों से मारा व उसे मरा हुआ समझ कर उसका मोबाइल छीनकर सुनसान जगह पर डाल कर चले गए। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच करते हुए घटना मे शरीक सुभाष पुत्र दाताराम निवासी गरनाउ को गिरफ्तार किया गया।

## जेसीबी मशीन चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

**जैसलमेर, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक जैसलमेर विकास सांगवान के निर्देशन में पुलिस थाना कोतवाली जैसलमेर द्वारा जेसीबी मशीन चोरी की वारदात का पर्दाफाश कर तीन जनों को गिरफ्तार किया।

नाथूराम भाट निवासी बरमसर ने कोतवाली में रिपोर्ट पेश कर बताया कि 25 जनवरी की रात्रि में डेडानसर मैदान के सामने मेरी जेसीबी मशीन को अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गये। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार राजोरा के निर्देशन में प्रियंका कुमावत वृताधिकारी जैसलमेर के सुपरविजन में प्रकरण का खुलाशा करने हेतु सत्यप्रकाश थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली जैसलमेर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया जाकर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की गई।

पुलिस टीम द्वारा तलाश हेतु करीबन 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया गया। टीम के सदस्य राजेन्द्रप्रसाद व कौशलाराम द्वारा लगातार तकनीकी व आसूचना का संकलन कर डीसीआरबी प्रभारी भीमरावसिंह के सहयोग से जेसीबी चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोरों की पहचान की गई। थानाधिकारी कोतवाली के नेतृत्व में थाना स्तर की अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा प्रकरण में मुल्जिमान व जेसीबी मशीन की बाड़मेर, जालौर व सिरोही जिले में लगातार तलाश कर मुल्जिमान का पीछा करते हुए तीन मुल्जिमान गणेशाराम, मगराज व चेतनराम को दस्तयाब किया गया है।

## किशोर लापता

**उदयपुर, (कासं)।** हिरणमगरी थाना क्षेत्र में स्कूल में पढ़ रहा किशोर अपने किराए के कमरे से लापता हो गया। पुलिस के अनुसार सोहनलाल पुत्र गणेशलाल फनात निवासी डुंगरपुर ने मामला दर्ज करवाया कि उसका बेटा यशदीप फनात (15) व कक्षा 9 में विद्यालय गुरूनानक स्कूल सेक्टर 4 में पढ़ता है और उसके भाई जितेन्द्र व बहन अनिता के साथ होली चौक पानेरियो की मादडी में कमरा किराया लेकर रहता है। उसका पुत्र 28 जनवरी को किराए के कमरे पानेरियो की मादडी से कहीं निकल गया है।

# ‘थानागाजी में दो समुदाय के लोगों के बीच मारपीट का वीडियो निराधार’

## गृह विभाग के एसीएस आनंद कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर जारी मुसलमानों द्वारा हिन्दुओं को उनके घर में घुसकर मारने का वीडियो जांच में गलत पाया गया है

**जयपुर।** गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार ने थानागाजी मारपीट के मामले को निराधार बताया है। उन्होंने मामले में प्रसारित हो रही खबर के भ्रामक तथ्यों के दुष्प्रचार का खंडन करते हुए बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से एक मकान में घुसकर कुछ लोगों द्वारा मारपीट करने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया में यह कहकर प्रसारित किया जा रहा है, कि अलवर में मुसलमानों ने हिन्दुओं को उनके घर में घुसकर मारा है। जांच में इस प्रकार के तथ्य निराधार पाये गये है।

- **वीडियो थानागाजी के ग्राम चीमा की ढाणी के रोहिता शर्मा व सीताराम शर्मा के बीच मकान के विवाद का है। इनके बीच में 18 जनवरी को मारपीट हुई थी**
- **घटना में शामिल दोनों ही पक्ष हिन्दू होने के साथ ही रिश्तेदार भी है।**
- **एसीएस ने लोगों से मामले में भ्रामक तथ्यों पर विश्वास नहीं करने व आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की**

उन्होंने बताया कि यह वीडियो पुलिस थाना थानागाजी क्षेत्र के ग्राम चीमा की ढाणी के रोहिता शर्मा व सीताराम शर्मा के बीच मकान के विवाद को लेकर 18 जनवरी को हुई मारपीट से संबंधित है। घटना में दोनों ही पक्ष हिन्दू होने के साथ ही रिश्तेदार है। ग्राम चीमा की ढाणी में कोई मुसलमान परिवार नहीं रहता है। घटना की सूचना मिलते ही थानागाजी पुलिस मौके पर पहुंची और सात लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। दोनों पक्षों द्वारा 18 जनवरी को एक-दूसरे के विरुद्ध थानागाजी पुलिस थाने में मुकदमें दर्ज करवाये गये। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया दिया। दोनों प्रकरणों में अनुसंधान जारी है। दोनों ही पक्षों में किसी भी व्यक्ति के गंभीर चोट नहीं आई है।

वीडियो संज्ञान में आने पर अलवर पुलिस द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंण्डल फेसबुक, ट्विटर आदि के जरिये इस घटना का खण्डन किया गया है। अलवर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रेस कान्फ्रेन्स कर मीडिया को ब्रीफ किया जा चुका है कि, यह हिन्दू-मुसलमान का झगड़ा न होकर बागड़ा ब्राह्मण परिवार के आपसी रंजिश का मामला है। जिस भी सोशल मीडिया चैनल ग्रुप पर इस प्रकार का कोई मैसेज दिखाया गया है उसका भी खण्डन किया जा चुका है। अलवर पुलिस की सोशल मीडिया सैल इस प्रकार के भ्रम फैलाने वाले वीडियो को भेजने वाले फेसबुक अकाउन्ट की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जिससे सम्बन्धित के विरुद्ध भी नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा सके। एसीएस आनंद कुमार ने आमजन से अपील की है कि इस प्रकार के भ्रामक वीडियो को शेयर करने या टिप्पणी करने में सावधानी बरते। आपसी सौहार्द बनाए रखें।

## जहरीला दाना खाने से चार दर्जन से अधिक मोरों की मौत

**बांदनवाड़ा, (निसं)।** कस्बे के बगराई चरागाह में सोमवार रात्रि में 50 से अधिक राष्ट्रीय पक्षी मोरों की मौत हो गई। वन विभाग ने मृत मोरों को अपने कब्जे में लेकर भिनाय चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करवाया। जहां उनकी मौत जहरीला दाना खाने से हुई है, की पुष्टि की गई। इतनी बड़ी संख्या में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत की सूचना पर प्रशासन में हड़कंप मच गया। सोमवार देर रात्रि में किसानों ने इसकी सूचना बांदनवाड़ा पुलिस चौकी को दी। जिस पर चौकी इंचार्ज बनवारी चौधरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने वन विभाग को जानकारी दी। वन विभाग की टीम ने बगराई चरागाह में पहुँचकर मोरों के शव को अपने कब्जे में लिया। जहां मंगलवार सुबह उनका पोस्टमार्टम किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने बताया कि किसानों द्वारा खेत में कीटनाशक का छिड़काव किया गया होगा, संभवत: जिसका सेवन करने से ही राष्ट्रीय पक्षी मोरों की मौत हुई है।

# लाखों के जेवरात सहित हजारों की नकदी चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के गोवर्धनविलास थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके घर से सोने-चांदी के जेवरात और हजारों रूपए नकद चोरी कर ले जाने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार हितेश पुत्र गुरुदयाल बबेरवाल निवासी रामपुरा डाबड़ी जैतपुरा जयपुर हाल एल ब्लॉक ट्रांसपोर्ट नगर सेक्टर 14 ने मामला दर्ज करवाया कि वह 26 जनवरी को आवश्यक कार्य होने से जयपुर गया था। 29 जनवरी को वापस उदयपुर आया तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। घर में जाकर देखा तो अलमारी का ताला टूटा हुआ था व घर का सामान बिखरा हुआ था। उसके घर में अज्ञात चोर अलमारी से 1 सोने की चेन, 1 सोने की अंगूठी, 2 चांदी की अंगूठी, सोने के 2 कान के झुमर, 2 चांदी की पायजेब. 6 लक्ष्मी जी, गणेश जी की चांदी की मूर्ति, 2 चांदी के सिक्के व 15 हजार कैश चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**देबारी में दो घरों से जेवरात चोरी :-** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में अज्ञात चोर दो घरों में घुसकर सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस के अनुसार खुमान सिंह पुत्र चतर सिंह देवडा निवासी पृथ्वी सिंहजी का खेड़ा पावर हाउस चौराहा देबारी ने मामला दर्ज करवाया कि वह और सभी परिवार वाले घर पर 29 जनवरी की रात्रि को नीचे वाले कमरे मे सो रहे थे। उपर वाले कमरे में सोने-चांदी का सामान रखा हुआ था जिसको कोई अज्ञात बदमाश साइड में से उपर चढ़ कर चोरी करके ले गए। परिजन सुबह उठकर उपर गए और देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था और सारे चांदी व सोने के जेवरात गायब थे। इसी रात को मोहल्ले मे भीमा पुत्र नोजीराम गमेती के घर पर भी सोने-चांदी के आभूषणो को भी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**विला से इलेक्ट्रिक वायर और अन्य सामान चोरी :-** शहर के गोवर्धनविलास थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके विला से इलेक्ट्रिक वायर और अन्य सामान चोरी करने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार रविन्दर सिंह पुत्र जोधसिंह सलुना निवासी सिक्ख कॉलोनी कुम्हारो का भट्टा ने मामला दर्ज करवाया कि 28 जनवरी को शाम करीब 6 बजे उसकी साईट सेठजी की कुंडाल जहां पर में उसके विलास का निर्माण चल रहा है। वहां पर मजदूरों के जाने के बाद चौकीदार को छोड़कर घर आ गया था। 29 जनवरी को उसे चौकीदार ने फोन पर चोरी होने की सूचना दी, जिस पर वह साईट पर गया। वहाँ जाकर देखा तो उसकी साईट पर सभी कमरो में से कोई अज्ञात चोर फिटींग के वायर खींच कर ले गया। उसने वहां पर दो कमरों के ताले तोड़कर उसमें से भी कुछ सामान चोरी किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सेवा दोष के लिए पोस्ट मास्टर को दोषी माना

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर पोस्ट ऑफिस डाकघर में स्पीड पोस्ट के लिए निर्धारित 17 रुपए के स्थान पर नाजायज 40 रुपए का शुल्क वसूलने के मामले में सेवा दोष प्रमाणित पाए जाने पर किरण देवी नागला पत्नी कैलाश नागला निवासी सूरजजी मंदिर के पास, छोटा बाजार, सांभरलेक के पक्ष में निर्णय देते हुए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जयपुर प्रथम के पीठासीन अधिकारी डॉ. सुबेसिंह यादव, अध्यक्ष व आयोग की सदस्या नीलम शर्मा ने डाक विभाग को 45 दिनों के भीतर परिवादिया को पांच हजार रुपए अदा करने का आदेश दिया है।

- **जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने सुनाया फैसला**

परिवादिया के अधिवक्ता रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि परिवादिया किरण देवी की ओर से 18 सितंबर 2015 को एक की स्पीड पोस्ट करवाई गई थी जिसका कुल वजन 30 ग्राम हुआ था लेकिन सांभर पोस्ट मास्टर की ओर से 40 रुपए की राशि प्राप्त की गई। पीड़िता के अधिवक्ता ने आयोग को बताया कि 50 ग्राम तक का निर्धारित शुल्क 17 रुपए होते हैं लेकिन सांभर डाकघर की ओर से किसी भी बात को नहीं सुनते हुए कहा गया कि यहां तो यही चार्ज लिया जाएगा। इस प्रकार सांभर डाक घर द्वारा स्पीड पोस्ट के 17 रुपए के स्थान पर 23 रुपए अधिक वसूल करने को सेवा दोष मानते हुए प्रामाणिक तथ्य पेश किए गए थे। परिवादिया की ओर से अधीक्षक डाकघर जयपुर देहात मंडल को शिकायत दर्ज करने पर 23 रुपए की क्षतिपूर्ति स्वीकृत करने पर डाकपाल सांभर ने एक चेक परिवादिया के नाम से भी जारी किया था। यह तथ्य स्वत: ही सेवा दोष में प्रमाणित पाया जाता है। तथ्यों के आधार पर जिला उपभोक्ता आयोग ने विपक्षीगण को आदेश दिया कि परिवादिया को मानसिक संताप के तीन हजार व परिवाद व्यय के दो हजार रुपए अदा करें।

## युवक से ठगी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के केके कॉलोनी देवनारायण मंदिर के पास कुड़ी इलाके में रहने वाले एक युवक को किसी शातिर ने अपने धोखे का शिकार बनाते हुए 6.40 लाख की ठगी कर ली। उसे कॉइन खरीदने और फिर बेचने के नाम पर खातों में रूपए इंवेस्ट करवाने के बाद फोन बंद कर दिया। पीड़ित ने अब अदालत की शरण लेकर कुड़ी थाने में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कराया है। मूलत: शेरगढ़ के खिराजाखास हाल केके कॉलोनी, देवनारायण मंदिर के नजदीक रहने वाले भोपालसिंह की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया गया है कि गत साल 12 अक्टूबर को उसके टेलीग्राम पर एक मैसेज बाय एण्ड सैल यूएसडीटी नाम से आया। इसमें डिप्टी करेंसी खरीदने और बेचने के बारे में बताया गया। करेंसी खरीद के बाद उसे बायन्स ऐप के जरिए बेचने की जानकारी दी गई। इस पर उसने संपर्क किया तो किसी रवि जीसी से संपर्क हुआ। रवि जीसी ने बाद में वाट्सअप कॉल से बात की और इंवेस्ट के बारे में जानकारी दी। झांसे में आने पर परिवादी भोपालसिंह की तरफ से 13 अक्टूबर 2023 को पहले 30 हजार फिर 40 हजार रूपए जमा करवाए। कुड़ी भगतासनी पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच आरंभ की है।

# बॉलीवुड अभिनेता धर्मेन्द्र की नातिन की उदयपुर में आज होगी शादी

## भांजी की शादी में मेहमानों के साथ एंजॉय कर रहे बॉलीवुड अभिनेता सनी, बॉबी व अभय देओल

**उदयपुर, (कासं)।** लेकसिटी में हो रही बॉलीवुड ‘हीमैन’ धर्मेन्द्र की नातिन निकिता चौधरी की शादी में मामा सनी देओल, बॉबी देओल व अभय देओल वेडिंग सेरेमनी को एन्जॉय करते दिखाई दे रहे हैं। देओल परिवार की सोशल साईटस से दूरी होने के कारण वेडिंग सेरेमनी में कब क्या आयोजन हो रहे हैं इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है हालांकि यह रॉयल वेडिंग 31 जनवरी तक होनी है। पंजाबी रीति-रिवाज से होने वाली इस वेडिंग के लिए होटल ताज अरावली में पूरा देओल परिवार जुटा हुआ है जहां बुधवार को वेडिंग होनी है।

अभय देओल ने वेडिंग की तस्वीरें साझा करते लिखा कि-“भारतीय शादी ही सबसे मजेदार” अलग-अलग रंग, खाना, कपड़े, रीति-रिवाज कोई और इन सबका मुकाबला कर सकता है क्या? वेडिंग का मुख्य कार्यक्रम 31 जनवरी को होना है जिसमें पंजाबी रीति-रिवाज से शादी होगी। वहीं इससे पहले होटल में ही मेहंदी, हल्दी व संगीत नाइट की सेरेमनी हो रही है। भांजी निकिता चौधरी मूलत: अमेरिका से है व पेशे से डॉक्टर है। उनकी रौषभ से शादी होनी है। शादी में विशेष रस्म चूड़ा रस्म होनी है जो पंजाबी रीति-रिवाज से होने वाली वेडिंग का मुख्य हिस्सा होता है। वेडिंग में देओल परिवार, उनके करीबी व कुछ विदेशी मेहमान भी शामिल होने आएं हुए है। ज्ञातव्य है मामा सन्नी देओल अपनी भांजी की इस वेडिंग का मैनेजमेंट खुद देख रहे है और इसकी तैयारियां देखने गत 18 जनवरी को उदयपुर आकर इवेंट कम्पनी से साथ वेडिंग की तैयारियों को अंतिम रूप दिया था।



उदयपुर में बॉलीवुड ‘‘हीमैन’’ धर्मेन्द्र की नातिन निकिता चौधरी की शादी को लेकर देओल परिवार उदयपुर के में आये हुये हैं।

- **मुख्य कार्यक्रम 31 जनवरी को होना है जिसमें पंजाबी रीति-रिवाज से शादी होगी**